
चतुर्थः पाठः


# क्रियापद-परिचयः



बालकः धावति ।


बालकौ धावतः ।


बालकाः धावन्ति ।


त्वम् हससि ।


युवाम् हसथः ।


यूयम् हसथ ।




अहम् पठामि ।




आवाम् पठावः ।




वयम् पठामः ।



बालिका लिखति ।




बालिके धावतः ।




बालिकाः पठन्ति ।



पुष्पम् अस्ति ।




पुष्पे स्तः ।




पुष्पाणि सन्ति ।




मोहनः विद्यालयम् गच्छति ।




बालिके अत्र आगच्छतः ।




वयम् जलम् पिबामः ।




घोटकः धावति ।




घोटकौ धावतः ।




घोटकाः धावन्ति ।



गजः गच्छति ।




गजौ गच्छतः ।




गजाः गच्छन्ति




एतत् किम् अस्ति ?




एतत् फलम् अस्ति ।




एते के स्तः ?



एते फले स्तः ।



एतानि कानि सन्ति ?



एतानि फलानि सन्ति ।

## शब्दार्थः

| | | |
|---|---|---|
| बालकः | = | लड़का |
| बालकौ | = | दो लड़के |
| बालकाः | = | (दो से अधिक) लड़के |
| त्वम् | = | तुम |
| युवाम् | = | तुम दोनों |
| यूयम् | = | तुम सब / तुम लोग |
| अहम् | = | मैं |
| आवाम् | = | हम दोनों |
| वयम् | = | हम / हम सब / हमलोग |
| बालिका | = | (एक) लड़की |
| बालिके | = | दो लड़कियाँ |
| बालिकाः | = | (दो से अधिक) लड़कियाँ |
| पुष्पम् | = | (एक) फूल |
| पुष्पे | = | (दो) फूल |
| पुष्पाणि | = | (अनेक) फूल |
| धावति | = | (एक) दौड़ता है |
| धावतः | = | (दो) दौड़ते हैं |
| धावन्ति | = | (अनेक) दौड़ते हैं |
| हससि | = | (तुम) हँसते हो |
| हसथः | = | (तुम दोनों) हँसते हो |
| हसथ | = | (तुम सब / लोग) हँसते हो |
| पठामि | = | पढ़ता / पढ़ती हूँ |
| पठावः | = | (हम दोनों) पढ़ते हैं |
| पठामः | = | (हम सब) पढ़ते हैं |
| लिखति | = | लिखता है |

| | | |
|---|---|---|
| **अस्ति** | = | है |
| **स्तः** | = | (दो) हैं |
| **सन्ति** | = | हैं |
| **घोटकः** | = | घोड़ा |
| **गजः** | = | हाथी |
| **एतत्** | = | यह |
| **एते** | = | ये दो |
| **एतानि** | = | ये / ये सब |
| **आगच्छति** | = | आता है |

**पुरुष**–संस्कृत क्रियारूपों के प्रसंग में 'पुरुष' की चर्चा होती है । सभी क्रियारूप (धातुरूप) पुरुष और वचन के अनुसार पृथक्-पृथक् होते हैं । तीन पुरुष और तीन वचन से विभक्त होने के कारण प्रत्येक काल (लकार) में नौ-नौ रूप होते हैं।

पुरुष का अर्थ है वक्ता, श्रोता या चर्चित व्यक्ति । वक्ता को उत्तम पुरुष (अहम्, आवाम्, वयम्), श्रोता को मध्यम पुरुष (त्वम्, युवाम्, यूयम्) तथा चर्चित व्यक्ति को प्रथम पुरुष (सः, तौ, ते, अयम्, इमौ, इमे) कहते हैं । पुरुष और वचन का प्रभाव धातुरूपों पर पड़ता है । इसलिए पुरुष-विशेष और वचन- विशेष के कारण क्रियापदों में भेद होता है । नीचे के उदाहरणों में देखें–

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | सः पठति | तौ पठतः | ते पठन्ति |
| | (वह पढ़ता है) | (वे दोनों पढ़ते हैं) | (वे सब पढ़ते हैं) |
| **मध्यम पुरुष** | त्वम् पठसि | युवाम् पठथः | यूयम् पठथ |
| | (तुम पढ़ते हो) | (तुमदोनों पढ़ते हो) | (तुमसब पढ़ते हो) |
| **उत्तम पुरुष** | अहम् पठामि | आवाम् पठावः | वयम् पठामः |
| | (मैं पढ़ता हूँ) | (हमदोनों पढ़ते हैं) | (हमसब पढ़ते हैं) |

**विशेष**–संस्कृत क्रियापदों का प्रयोग सभी लिंगों के लिए एकसमान होता है । इसलिए लड़की के पढ़ने के विषय में भी – सा पठति, त्वम् पठसि (तुम पढ़ती हो), अहम् पठामि (मैं पढ़ती हूँ) इत्यादि प्रयोग होते हैं।

## अभ्यासः

### मौखिकः

**1. उच्चारण करें :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | गच्छति | गच्छतः | गच्छन्ति |
| | पठति | पठतः | पठन्ति |
| | लिखति | लिखतः | लिखन्ति |
| | चलति | चलतः | चलन्ति |
| | नृत्यति | नृत्यतः | नृत्यन्ति |
| (ख) | अश्वः | अश्वौ | अश्वाः |
| | मयूरः | मयूरौ | मयूराः |
| | शिक्षकः | शिक्षकौ | शिक्षकाः |
| | पाठकः | पाठकौ | पाठकाः |
| | नर्तकः | नर्तकौ | नर्तकाः |

### लिखितः

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | पठसि | पठथः | पठथ |
| (क) | .................... | लिखथः | .................... |
| (ख) | गच्छसि | .................... | .................... |
| (ग) | .................... | हसथः | .................... |
| (घ) | क्रीडसि | .................... | .................... |
| (ii) | खादामि | खादावः | खादामः |
| (क) | चलामि | .................... | .................... |
| (ख) | वदामि | .................... | .................... |
| (ग) | .................... | .................... | पिबामः |
| (घ) | .................... | हसावः | .................... |

3. सही मिलान करें :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | अहम् | (क) | खादथ |
| (ii) | बालकः | (ख) | खेलामः |
| (iii) | यूयम् | (ग) | पिबन्ति |
| (iv) | बालिकाः | (घ) | कूर्दन्ति |
| (v) | वयम् | (ङ.) | खादसि |
| (vi) | त्वम् | (च) | लिखामि |
| (vii) | गजाः | (छ) | गच्छति |

4. इन क्रियापदों से वाक्य बनाएँ :–

| | | |
|---|---|---|
| पठामि | लिखसि | गच्छन्ति |
| हसामः | आगच्छथ | खादावः |

5. उचित शब्द से खाली जगहों को भरें :–

**त्वम्, अहम्, बालिका, वयम्, यूयम्**

(क) ..................... क्रीडति ।

(ख) ..................... पठामः ।

(ग) ..................... पिबसि ।

(घ) ..................... वदामि ।

(ङ) ..................... गच्छथ ।

6. रिक्त स्थानों में '<u>अस्ति</u>, <u>स्तः</u>, <u>सन्ति</u>' में से उचित क्रियापद भरें :–

**यथा– एकम् पुस्तकम् अस्ति ।**

(क) द्वे पुस्तके ..................... ।

(ख) त्रीणि पुस्तकानि ..................... ।

(ग) एका बालिका ..................... ।

(घ) द्वे बालिके ..................... ।

(ङ) तिस्रः बालिकाः ..................... ।

(च) पञ्च फलानि ..................... ।

(छ) द्वौ हस्तौ ..................... ।

7. **वर्णों को संयोजित करके शब्द लिखें :–**

(i) **यथा – म् + अ + न् + ओ + ह् + अ + र् + अः** **मनोहरः**

(क) स् + अ + ज् + ज् + अ + य् + अः

(ख) म् + अ + न् + त् + र् + ई

(ग) क् + आ + र् + य् + अ + क् + र् + अ + म् + अः

(घ) द् + ए + व् + ए+ न् + द् + र् + अः

(ii) **अपने पाँच मित्रों के नाम के वर्णों को अलग-अलग करें ।**

8. **निम्नलिखित वाक्यों को बहुवचन में बदलें :–**

| | | |
|---|---|---|
| उदाहरण | **सः पठति ।** | **ते पठन्ति ।** |
| (क) | बालकः धावति । | ..................................... । |
| (ख) | पुष्पम् पतति । | ..................................... । |
| (ग) | बालिका वदति । | ..................................... । |
| (घ) | मृगः चरति । | ..................................... । |
| (ङ) | खगः उत्पतति । | ..................................... । |